Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to open single window system for women to expedite implementation of Government schemes.

श्रीमती शारदा अनिल पटेल (महेसाणा): अध्यक्ष महोदय, माननीय मोदी जी भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत हैं, जिसे साकार करने में महिलाओं की भूमिका अहम है । कोऑपरेटिव सोसायटी, स्वयंसेवी समूह, कौशल विकास केन्द्र आदि के माध्यम से महिलाएँ आत्मनिर्भर बन रही हैं और बना रही हैं । केन्द्र सरकार की अनेक स्कीम्स इसमें मददगार हो रही हैं । इस कार्य में अक्सर अधिकारियों की उदासीनता, लापरवाह रवैये और कोई सिंगल विन्डो सिस्टम की व्यवस्था नहीं होने के कारण लेटलतीफी एवं कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मैंने 300 बहनों को ऑलरेडी ट्रेनिंग दिलवा कर तैयार कर दिया है, इसलिए मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि इन कार्यों को गति देने हेतु सिंगल विन्डो सिस्टम की जिला स्तर पर व्यवस्था करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती प्रमिला बिसाई ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : 33 परसेंट आरक्षण का सवाल है । इसलिए आज महिला सदस्यों को बोलने का अवसर दिया है ।